# दिल्ली पब्लिक स्कूल नॉलेज पार्क 5
# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025

***सबसे प्यारी, सबसे न्यारी, हिंदी से हम, हिंदी है हमारी।***

प्रिय अभिभावक गण

नमस्कार

हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु हिंदी विकास मंच द्वारा **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025** आयोजित किया जा रहा है। सर्वाधिक प्रतिभागियों के साथ विश्व कीर्तिमान स्थापित करने हेतु हिंदी विकास मंच प्रयासरत है। इस वर्ष यह प्रतियोगिता **कक्षा 1 से 12** तक के विद्यार्थियों के लिए है। अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी अपेक्षित है।

- इस प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी से **150 रुपए प्रवेश शुल्क** लिया जाएगा।
- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त विद्यार्थियों को **प्रशस्ति पत्र** प्रदान किए जाएँगे।
- **कक्षा 1 व 2** के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता **एक ही चरण** में आयोजित की जाएगी। **कक्षा 3 से कक्षा 12** के प्रतियोगियों के लिए परीक्षा का आयोजन **दो चरणों** में किया जाएगा। **प्रथम चरण की परीक्षा (ऑफलाइन) का आयोजन विद्यालय में ही किया जाएगा।** परीक्षा की समयावधि **एक घंटा** होगी।
- प्रथम चरण की परीक्षा में विद्यालय स्तर पर कक्षा में **(80 प्रतिशत से अधिक)** अंक प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को **अंतर्राष्ट्रीय स्तर** पर आयोजित **द्वितीय चरण** की परीक्षा के लिए नामांकित किया जाएगा।
- विद्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को **ट्रॉफी** एवं **ई विशिष्ट उपलब्धि प्रमाण पत्र** प्रदान किया जाएगा ।
- अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को **नकद राशि, ट्रॉफी** एवं **विशेष उपलब्धि प्रशस्ति पत्र** प्रदान किया जाएगा ।
- पाठ्यक्रम व नमूना प्रश्नपत्रो से संबंधित जानकारी के निम्न वेबसाइट पर उपलब्ध है- **www.hindiolympiad.com**
- प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यार्थी **पंजीकरण** हेतु निम्न **गूगल फॉर्म लिंक** का प्रयोग करें ।
  गूगल फॉर्म लिंक - https://forms.gle/8d79nMyvy6HAYpg6A
- प्रश्न पत्र में दिए गए सभी प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे। विद्यार्थी उत्तर का सही विकल्प चुनकर ओ. एम. आर. शीट में गोला (०) भरेंगे। प्रश्न-पत्र में पूछे गए प्रश्न केवल सामान्य व्याकरण एवं भाषा ज्ञान पर आधारित होंगे।
- परीक्षा में भाग लेने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि **15 मई 2025** है।
- **परीक्षा की तिथि 09 अक्टूबर 2025** निर्धारित की गई है।
  सहायता हेतु शाम 4 से 5 बजे संपर्क करें – (1) श्रीमती कुमुद पाठक - 9810313946
  (2) डॉ० कमला पति तिवारी - 8800572788

  पंजीकरण के पश्चात् **परीक्षा शुल्क सहमति** (Consent) के आधार पर अग्रिम माह के शुल्क में जमा कराया जाएगा।

बड़े गर्व का विषय है कि दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने विगत दो वर्षों से 100 से अधिक **स्वर्ण रजत, पदक** तथा **ताम्र पदक** प्राप्त किए। कक्षा नवमी की छात्रा **देवयानी शुक्ला** तथा कक्षा चार के छात्र **दर्श नारायण** को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त करने पर **महामहिम राष्ट्रपति** तथा **सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी** के शुभकामनाओं के संदेश के साथ विशिष्ट योग्यता प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आशा है कि इस वर्ष भी अधिक से अधिक विद्यार्थी अंतराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

विद्यालय संचालिका (कक्षा-1 से 5) | विद्यालय संचालिका (कक्षा-6 से 8) | उप प्रधानाचार्या महोदया (कक्षा-9 एवं 12) | प्रधानाचार्या महोदया